Regarding problems due to air and water pollution

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक **(मुजफ़्फ़रनगर) :** सभापति जी, मैं मुजफ्फरनगर से आता हूं, जिसे गेटवे ऑफ एनसीआर कहा जाता है । एनसीआर में सम्मिलित होने के बाद भी हम लोग विभिन्न विसंगतियों से जूझते हैं । अभी सरकार ने पिछले दिनों रेपिड रेल चलाई, जो मेरठ के आखिर तक रुक गई । यह रेल मुजफ्फरनगर चलानी चाहिए थी, क्योंकि यहां सबसे ज्यादा उद्योग-धंधे हैं । यहां के लोग उद्योग-धंधों का दंश तो झेल रहे हैं, क्योंकि इनसे पानी बहुत दूषित होता है । यहां कैंसर की बीमारी है, आंख की बीमारी है, फेफड़ों की बीमारी है । यदि रेपिड रेल को मुजफ्फरनगर तक कर दिया जाए तो लोगों को आवागमन की सुविधा होगी तथा व्यापार भी फले फूलेगा ।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस रेपिड रेल को मुजफ्फरनगर तक कर दिया जाए और उन इंडस्ट्रीज पर जिनके धुएं से लोगों की आंखें खराब हो रही हैं, फेफड़े खराब हो रहे हैं और जो ग्राउंड वॉटर प्रदूषित हुआ है जिसकी वजह से लोग कैंसर से पीड़ित हो रहे हैं, उन पर भी रोकथाम लगाने का काम किया जाए ।